मा0 मंत्री जी के आदेशों से संबंधित प्रकरण/तत्काल
संख्या-45/934/84-डे0ई0-13-नि0-20/2002

प्रेषक,

मुरलीधर दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 31 अक्टूबर, 2013

विषय:- श्री उमेश चन्द्र जायसवाल, सेवाच्युत विक्रेता, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्व पारित दण्डादेश दिनांक 14-02-2008 पर की गयी अपील दिनांक 14-03-2008 के निस्तारण विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-607/84-डे0ई0-2013, दिनांक 29-07-2013 तथा अनुवर्ती अनुस्मारक पत्र दिनांक 18-9-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 29-7-2013 में वांछित सूचनायें/अभिलेख शासन को अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये हैं । चूँकि प्रश्नगत प्रकरण मा0 मंत्री जी के आदेशों से संबंधित है तथा निगम स्तर से सूचना/अभिलेख उपलब्ध कराये जाने में काफी विलम्ब भी हो चुका है। अत: अनुरोध है कि कृपया प्रकरण के संबंध में वांछित सूचना/अभिलेख शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(मुरली धर दुबे)
विशेष सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in